an>

title: Regarding non-functional BSNL towers in Malkangiri and Nabarangpur districts of Odisha.

श्री बलभद्र माझी (नबरंगपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया। मैंने पहले भी इस विÂषय को बहुत बार उठाया है। मेरा पिछड़ा एरिया है, जहां बीएसएनएल मोबाइल सेवा बहुत ही खराब स्थिति में हैं। आज के दिन एलडब्ल्यूई स्कीम के अंडर होम डिपार्टमेंट ने मलकानगिरी में 29 टॉवर्स और नबरंगपुर जिले में 12 टॉवर लगाए हैं। जो वीसैट एक साल से लगाया है, यह वन साइड काम करता है, दूसरी साइड से सुनाई ही नहीं पड़ता है। इसके बावजूद लोगों का बहुत पैसा कटता है। उनकी बात नहीं होती है, लेकिन पैसा कटता है। मैंने बार-बार बीएसएनएल वालों को बोला है, लेकिन बीएसएनएल वाले बोलते हैं कि यह होम डिपार्टमेंट का काम है, जब तक वे लोग हमें ठीक करके नहीं देंगे, हम कुछ नहीं कर सकते हैं। मेरा होम डिपार्टमेंट से निवेदन है कि इसको जल्दी ठीक करके बी.एस.एन.एल. को दे। हमारी बहुत ज्यादा जगहों पर बीएसएनएल टॉवर से कवर नहीं हैं। हमने 78 प्रपोजल्स भेजे हैं, उनको जल्दी सैंक्शन करके मोबाइल सेवा दी जाए, ताकि वहां के लोगों को मोबाइल टॉवर की सेवा मिल सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Balbhadra Majhi.